विषय कोड :
Subject Code : 106/206

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2021
## (ANNUAL)
## HINDI (COMPULSORY)
## हिन्दी (अनिवार्य)
### I. Sc., I. Com.

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
**B**

106-
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

कुल प्रश्नों की संख्या : 100 + 6 = 106
**Total No. of Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 20
**Total No. of Printed Pages : 20**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं,*** *जिनमें से* ***किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।*** *50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए* ***1 अंक*** *निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए* **OMR** *उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को* ***नीले / काले*** *बॉल पेन से प्रगाढ़ करें।* ***किसी भी प्रकार के व्हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं*** *। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।*
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें । 50 × 1 = 50

1. 'आस्तीन का साँप होना' मुहावरे का अर्थ है

(A) साँप खोजना

(B) शत्रुता करना

(C) दोस्ती करना

(D) घर में छिपा शत्रु

2. 'हाथ का मैल होना' मुहावरे का अर्थ है

(A) गंदा होना

(B) कीमती होना

(C) तुच्छ होना

(D) सच होना

3. 'माथा ठनकना' मुहावरे का अर्थ है

(A) कठिन होना

(B) झटका लगना

(C) आशंका होना

(D) चिंता होना

4. 'तूती बोलना' मुहावरे का अर्थ है

(A) बदल जाना

(B) धाक जमना

(C) दुखी होना

(D) आवाज बिगड़ जाना

5. 'उल्टी गंगा बहाना' मुहावरे का अर्थ है

(A) लांछन लगाना

(B) विचलित होना

(C) विपरीत कार्य करना

(D) रहस्य होना



BiharboardQuestionpaper.com

6. 'रसोई घर' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष
(B) कर्मधारय
(C) द्वन्द्व
(D) अव्ययीभाव

7. 'चन्द्रशेखर' शब्द कौन समास है ?

(A) बहुव्रीहि
(B) द्विगु
(C) तत्पुरुष
(D) द्वन्द्व

8. 'वनमानुष' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष
(B) बहुव्रीहि
(C) द्विगु
(D) द्वन्द्व

9. 'त्रिफला' शब्द कौन समास है ?

(A) द्विगु
(B) तत्पुरुष
(C) द्वन्द्व
(D) कर्मधारय

10. 'धीरे-धीरे' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव
(B) द्विगु
(C) द्वन्द्व
(D) कर्मधारय

11. 'आलस्य' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) आलस
(B) अलस
(C) आलसीपन
(D) आलसी



BiharboardQuestionpaper.com

12. 'अधपका' शब्द में उपसर्ग है

(A) अध
(B) अधि
(C) अभि
(D) अति

13. 'सपरिवार' शब्द में उपसर्ग है

(A) स
(B) सहित
(C) सप्
(D) सपरि

14. 'अंकुरित' शब्द में प्रत्यय है

(A) अ
(B) रित
(C) इत
(D) त

15. 'महिमा' शब्द में प्रत्यय है

(A) मा
(B) अमा
(C) इमा
(D) आ

16. 'आनन्दमय' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष
(B) अव्ययीभाव
(C) कर्मधारय
(D) द्वन्द्व

17. 'नवरत्न' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव
(B) तत्पुरुष
(C) द्विगु
(D) द्वन्द्व

18. 'चन्द्रमौलि' शब्द कौन समास है ?

(A) बहुव्रीहि
(B) तत्पुरुष
(C) द्वन्द्व
(D) द्विगु


BiharboardQuestionpaper.com

19. 'आकाश पाताल एक करना' मुहावरे का अर्थ है

(A) उत्पात करना
(B) अत्याचार करना
(C) निरंतर अन्याय करना
(D) कठिन परिश्रम करना

20. 'मुट्ठी में करना' मुहावरे का अर्थ है

(A) भ्रम में रखना
(B) मनमानी करना
(C) वश में करना
(D) वश में न करना

21. 'सूरदास' किस भाषा के कवि हैं ?

(A) संस्कृत
(B) ब्रजभाषा
(C) अवधी
(D) मैथिली

22. 'दलित साहित्य का सौंदर्य शास्त्र' नामक आलोचना पुस्तक किसे लिखी है ?

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(B) मलयज
(C) दिनकर
(D) नामवर सिंह

23. 'ओ सदानीरा' शीर्षक निबंध में वर्णित मन कैसे ताल हैं ?

(A) गहरे
(B) छोटे और विशाल
(C) उथले और छिछले
(D) गहरे और विशाल

24. 'किसकी विजय हुई सेना की, कि नागरिकों की ?' पंक्ति किस पाठ से ली गई है ?

(A) हार-जीत
(B) अधिनायक
(C) गाँव का घर
(D) जन-जन का चेहरा एक



BiharboardQuestionpaper.com

25. 'अशोक वाजपेयी' का मूल निवास स्थान कहाँ है ?

(A) सागर, मध्य प्रदेश
(B) महासागर, मद्रास
(C) हिन्द, हिन्द महासागर
(D) वाराणसी, उत्तर प्रदेश

26. 'क्लर्क की मौत' शीर्षक कहानी में क्लर्क का क्या नाम है ?

(A) इवान द्मीत्रिच चेर्व्यकोव
(B) होशेकम
(C) फैंक्वा
(D) ब्रोत

27. 'ईमानदार' शब्द का विलोम होगा

(A) शरीफ
(B) बेईमान
(C) भला मानुष
(D) दुर्जन

28. 'आवरण' शब्द का विलोम होगा

(A) पर्दा
(B) कपड़ा
(C) संरक्षण
(D) अनावरण

29. 'ऊँच' शब्द का विलोम होगा

(A) प्रमुख
(B) नीच
(C) गौड़
(D) मध्यम

30. 'कठोर' शब्द का विलोम होगा

(A) कुसुम
(B) कली
(C) मुकुल
(D) कोमल



BiharboardQuestionpaper.com

31. 'पंचायती राज' में क्या खो गया है ?

(A) ईमान

(B) धर्म

(C) पंच परमेश्वर

(D) विश्व-बंधुत्व

32. अंतोन चेखव की कहानी है

(A) क्लर्क की मौत

(B) पेशगी

(C) रस्सी का टुकड़ा

(D) इनमें से कोई नहीं

33. 'एक लेख और एक पत्र' में भगत सिंह ने किसको पत्र लिखा था ?

(A) सुखदेव

(B) राजगुरु

(C) बिस्मिल

(D) अशफाक खाँ

34. 'तेरी कुड़माई हो गई' का किस कहानी से संबंध है ?

(A) रोज

(B) उसने कहा था

(C) तिरिछ

(D) जूठन

35. ज्ञानेन्द्रपति किस प्रशासनिक पद पर थे ?

(A) जिलाधिकारी

(B) पुलिस अधिकारी

(C) कारा अधीक्षक

(D) सेना अधिकारी

36. 'कृष्ण' शब्द का विलोम है

(A) सफेद

(B) उजला

(C) काला

(D) शुक्ल



BiharboardQuestionpaper.com

37. 'स्तुति' शब्द का विलोम है

(A) निंदा
(B) शिकायत
(C) घृणा
(D) द्वेष

38. 'संध्या' शब्द का विलोम है

(A) प्रातः
(B) निशा
(C) रात्रि
(D) दोपहर

39. 'दूषित' शब्द का विलोम है

(A) प्रदूषित
(B) गंदा
(C) स्वच्छ
(D) मलिन

40. 'शेष' शब्द का विलोम है

(A) विशेष
(B) अशेष
(C) द्वेष
(D) अवशेष

41. 'गोद में सोने वाला' कहलाता है

(A) बालक
(B) पुत्र
(C) अंकशायी
(D) अंकस्थ

42. 'गुरु के समीप रहनेवाला विद्यार्थी' कहलाता है

(A) वजबटुक
(B) ब्रह्मचारी
(C) अंतेवासी
(D) गुरुकुल

43. 'जिसका खंडन न किया जा सके', वह है

(A) ध्वनि
(B) प्रकाश
(C) वायु
(D) अखंडनीय



BiharboardQuestionpaper.com

44. जिसका जन्म पहले हुआ हो ( बड़ा भाई ), वह है

(A) बड़ा
(B) पूर्वज
(C) अग्रज
(D) अनुज

45. 'जिसके बिना काम न चल सके' के लिए एक शब्द है

(A) अपरिहार्य
(B) आवश्यक
(C) जरूरी
(D) अवरोधक

46. जो खाने योग्य हो, वह है

(A) शुद्ध
(B) स्वच्छ
(C) खाद्य
(D) ग्रहणीय

47. 'अनल' शब्द का पर्यायवाची होगा

(A) आग
(B) हवा
(C) पानी
(D) सूखा

48. 'आयुष्मान' शब्द का पर्यायवाची होगा

(A) पुत्र
(B) शिष्य
(C) चिरंजीव
(D) धनवान

49. 'झंझट' शब्द का पर्यायवाची होगा

(A) दुःख
(B) परेशानी
(C) बवाल
(D) आसानी

50. 'डरावना' शब्द का पर्यायवाची होगा

(A) भय
(B) लुंठक
(C) क्रोध
(D) भयानक



BiharboardQuestionpaper.com

51. 'भक्तमाल' किसकी रचना है ?

(A) नाभादास
(B) सूरदास
(C) तुलसीदास
(D) कबीरदास

52. हिन्दी कहानी के विकास में 'मील का पत्थर' कौन-सी कहानी मानी जाती है ?

(A) उसने कहा था
(B) पंच परमेश्वर
(C) पुरस्कार
(D) मंगर

53. जयशंकर प्रसाद का महाकाव्य है

(A) कामायनी
(B) साकेत
(C) उर्वशी
(D) मुकुल

54. 'पुत्र वियोग' शीर्षक कविता की कवयित्री कौन हैं ?

(A) महादेवी वर्मा
(B) जयंती
(C) सुभद्रा कुमारी चौहान
(D) मीराबाई

55. 'मालती' किस कहानी की पात्रा है ?

(A) सिपाही की माँ
(B) रोज
(C) तिरिछ
(D) गौरा

56. 'ज्ञानेन्द्रपति' की कविता कौन है ?

(A) गाँव का घर
(B) हार-जीत
(C) अधिनायक
(D) प्यारे नन्हे बेटे को


BiharboardQuestionpaper.com

57. हिन्दी साहित्य का 'सूर्य' किसे कहा जाता है ?

(A) सूरदास
(B) कबीरदास
(C) तुलसीदास
(D) जायसी

58. 'नाभादास' का काव्य रचना क्षेत्र था

(A) हरिद्वार
(B) काशी
(C) वृन्दावन
(D) मथुरा

59. सुभद्रा कुमारी चौहान का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1904 ई०
(B) 1900 ई०
(C) 1901 ई०
(D) 1899 ई०

60. 'मुक्तिबोध' का जन्म स्थल कहाँ है ?

(A) रामगढ़
(B) श्योपुर
(C) वाराणसी
(D) भोपाल

61. 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं ?

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) रामधारी सिंह दिनकर
(D) मोहन राकेश

62. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की कहानी है

(A) जूठन
(B) रोज
(C) तिरिछ
(D) उसने कहा था

63. 'शिक्षा' शीर्षक निबंध के रचनाकार कौन हैं ?

(A) जे० कृष्णमूर्ति
(B) मलयज
(C) मोहन राकेश
(D) उदय प्रकाश



BiharboardQuestionpaper.com

64. निम्न में से किस कहानी में 'ग्रैंग्रीन' का उल्लेख है ?

(A) उसने कहा था
(B) रोज
(C) तिरिछ
(D) रस्सी का टुकड़ा

65. 'सिपाही की माँ' के रचयिता कौन हैं ?

(A) मोहन राकेश
(B) रामकुमार वर्मा
(C) अज्ञेय
(D) जगदीश चंद्र माथुर

66. 'ओ सदानीरा' किस विधा के अन्तर्गत है ?

(A) नाटक
(B) निबन्ध
(C) आत्मकथा
(D) कहानी

67. जयप्रकाश नारायण रचित पाठ का नाम है

(A) प्रगीत और समाज
(B) बातचीत
(C) संपूर्ण क्रांति
(D) तिरिछ

68. बालकृष्ण भट्ट किस युग के रचनाकार हैं ?

(A) भारतेन्दु युग
(B) प्रेमचंद युग
(C) द्विवेदी युग
(D) इनमें से कोई नहीं

69. 'बरवै रामायण' किनकी रचना है ?

(A) नंददास
(B) सूरदास
(C) तुलसीदास
(D) कबीरदास


BiharboardQuestionpaper.com

70. 'बीजक' के रचयिता कौन हैं ?

(A) तुलसीदास
(B) कबीरदास
(C) सूरदास
(D) जायसी

71. 'रक्षक' शब्द में प्रत्यय है

(A) र
(B) रक्ष
(C) अक
(D) रअ

72. 'परलोक' शब्द में उपसर्ग है

(A) पर
(B) प
(C) ओक
(D) परल

73. 'अज्ञान' शब्द में उपसर्ग है

(A) अज्ञ
(B) अन्
(C) अ
(D) आ

74. 'नकलची' शब्द में प्रत्यय है

(A) न
(B) नक
(C) अची
(D) ची

75. 'यशोदा' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) यशः + दा
(B) यश + दा
(C) यशो + दा
(D) यसा + दा

76. 'संसार' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) सम् + सार
(B) सं + सर
(C) सम् + र
(D) स + सार


BiharboardQuestionpaper.com

77. 'पवन' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) पो + अन
(B) प + वन
(C) पा + वन
(D) प + वान

78. 'उद्योग' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) उद् + योग
(B) उत् + योग
(C) उ + दयोग
(D) उद + योग

79. 'कुहासा' शब्द है

(A) पुंल्लिग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

80. 'घी' शब्द है

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुंल्लिग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

81. लीडबेटर की नजर में जे० कृष्णमूर्ति क्या थे ?

(A) राज्य शिक्षक
(B) देश शिक्षक
(C) विश्व शिक्षक
(D) गाँव शिक्षक

82. उदय प्रकाश का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1952
(B) 1942
(C) 1930
(D) 1960


BiharboardQuestionpaper.com

83. 'तिरिछ' किस प्रकार की रचना है ?

(A) आधुनिक त्रासदी
(B) सुखान्त की
(C) हँसी लाने वाली
(D) आधुनिक कामेडी

84. मोहन राकेश के बचपन का क्या नाम था ?

(A) मदन मोहन गुगलानी
(B) कृष्णमोहन मुगलानी
(C) राधाकृष्ण मुगलानी
(D) रामकृष्ण मुगलानी

85. कवि रघुवीर सहाय के पिता का क्या नाम था ?

(A) हरदेव सहाय
(B) हरहरदेव सहाय
(C) हरेराम सहाय
(D) राम प्यारे सहाय

86. 'प्रकृति वर्णन' से संबंधित कविता है

(A) गाँव का घर
(B) हार-जीत
(C) उषा
(D) साकेत

87. 'कवियों का कवि' किस कवि को कहा जाता है ?

(A) शमशेर बहादुर सिंह
(B) निराला
(C) प्रसाद
(D) पंत

88. 'भूषण' की कविता में कौन रस पाया जाता है ?

(A) श्रृंगार रस
(B) भक्ति रस
(C) वीर रस
(D) वात्सल्य रस



BiharboardQuestionpaper.com

89. "जहाँ भय है, वहाँ मेधा नहीं हो सकती ।" किस पठित पाठ की उक्ति है ?

(A) अर्धनारीश्वर
(B) ओ सदानीरा
(C) सिपाही की माँ
(D) शिक्षा

90. जे० कृष्णमूर्ति का पूरा नाम क्या है ?

(A) जद कृष्णमूर्ति
(B) जिद्दू कृष्णमूर्ति
(C) जिद्द कृष्णमूर्ति
(D) सज्जद कृष्णमूर्ति

91. 'यात्रा' शब्द है

(A) पुंल्लिग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

92. 'चमक' शब्द है

(A) पुंल्लिग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

93. 'संधि' के कितने भेद हैं ?

(A) पाँच
(B) दो
(C) तीन
(D) चार

94. 'पुराण' शब्द का विशेषण है

(A) पौराणिक
(B) धार्मिक
(C) पुराणीक
(D) पुराना


BiharboardQuestionpaper.com

95. 'भीड़' शब्द संज्ञा है

(A) जातिवाचक संज्ञा

(B) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(C) द्रव्यवाचक संज्ञा

(D) समूहवाचक संज्ञा

96. 'ग्राम' शब्द का विशेषण है

(A) गाँव

(B) ग्रामवासी

(C) ग्रामीण

(D) गँवई

97. 'कारक' के कितने भेद हैं ?

(A) पाँच

(B) छः

(C) तीन

(D) आठ

98. 'यह नया माल है' इस वाक्य में 'नया' शब्द है

(A) संज्ञा

(B) सर्वनाम

(C) विशेषण

(D) क्रिया

99. 'जिसने गुरु से दीक्षा ली हो' को एक शब्द में कहा जाता है

(A) दीक्षित

(B) शिक्षित

(C) पंडितत्य

(D) आचार्य

100. 'शिव' का उपासक कहलाता है

(A) शिवम्

(B) शैव

(C) शिवत्व

(D) शंकर



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें : 1 × 8 = 8

(i) हमारे पावन पर्व

(ii) कोरोना वायरस

(iii) आरक्षण-नीति

(iv) पर्यावरण संरक्षण

(v) चुनाव-प्रक्रिया

(vi) मोबाइल और इंटरनेट ।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2 × 4 = 8

(i) "प्रत्येक पत्नी अपने पति को बहुत कुछ उसी दृष्टि से देखती है जिस दृष्टि से लता अपने वृक्ष को देखती है ।"

(ii) "कैसी चंपारण की यह भूमि ? मानो विस्मृति के हाथों अपनी बड़ी से बड़ी निधियों को सौंपने के लिए प्रस्तुत रहती है ।"

(iii) पूरब-पश्चिम से आते हैं
नंगे - बूचे नरकंकाल
सिंहासन पर बैठा, उनके
तमगे कौन लगाता है ।



BiharboardQuestionpaper.com

(iv) "फिर भी रोता ही रहता है

नहीं मानता है मन मेरा

बड़ा जटिल नीरस लगता है

सूना सूना जीवन मेरा ।"

3. मासिक शुल्क माफ करने के लिए प्रधानाचार्य के पास आवेदन-पत्र लिखें । 5

**अथवा**

नया खाता खुलवाने हेतु बैंक मैनेजर के पास आवेदन-पत्र लिखें ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दें : 5 × 2 = 10

(i) जयप्रकाश नारायण की पत्नी का क्या नाम था ? वे किसकी पुत्री थीं ?

(ii) नारी की पराधीनता कब से आरम्भ हुई ?

(iii) भगत सिंह की विद्यार्थियों से क्या अपेक्षाएँ हैं ?

(iv) मानक और सिपाही एक-दूसरे को क्यों मारना चाहते हैं ?

(v) कुंती का परिचय दें ।

(vi) भूषण ने शिवाजी की तुलना मृगराज से क्यों की है ?

(vii) हृदय की बात का क्या अर्थ है ?

(viii) प्यार का इशारा और क्रोध का दुधारा से क्या तात्पर्य है ?

(ix) हरचरना कौन है ?

(x) अधिनायक कौन है ?



BiharboardQuestionpaper.com

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें : 3 × 5 = 15

(i) 'अर्धनारीश्वर' निबन्ध में व्यक्त विचारों को संक्षेप में लिखिए ।

(ii) लहना सिंह का चरित्र-चित्रण करें ।

(iii) 'रोज' कहानी के केन्द्रीय संदेश की समीक्षा करें ।

(iv) 'अधिनायक' कविता का भावार्थ लिखें ।

(v) 'तुमुल कोलाहल कलह में' कविता का संक्षेप में भावार्थ लिखें ।

(vi) 'उषा' शीर्षक कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी **एक** का संक्षेपण कीजिए : 1 × 4 = 4

(i) विगत एक-दो दशकों से युवा वर्ग में अपव्यय की प्रवृत्ति बढ़ रही है । भोगवाद की ओर युवक अधिक प्रवृत्त हो रहे हैं । वे सुख-सुविधा की प्रत्येक वस्तु पा लेना चाहते हैं और अपनी आय और व्यय में तालमेल बिठाने की उन्हें चिंता नहीं है । धन-संग्रह न सही, कठिन समय के लिए कुछ बचाकर रखना भी वे नहीं चाहते । उन्हें लुभावने विज्ञापनों के माध्यम से लुभाकर उत्पादक व्यवसायी भरमाते हैं । परिणामस्वरूप आज का युवक मात्र उपभोक्ता बनकर रह गया है । अनेक कम्पनियाँ और बैंक क्रेडिट कार्ड देकर उनकी खरीद-शक्ति को बढ़ाने का दावा करती हैं, बाद में निर्ममता से रकम वसूलते हैं ।

(ii) कबीर, नानक और दादू अत्यन्त मुक्त आत्माएँ थीं, जिनका आध्यात्मिक क्षितिज अत्यधिक फैला हुआ था और जिसमें धर्मांधता की छूत या साम्प्रदायिकता के लिए कोई जगह नहीं थी । यह किसी भी युग के लिए सबसे अधिक महत्व की बात है । उन्होंने धार्मिक झगड़ों को शांत करने का प्रयास किया तथा हिन्दू, मुसलमान और अन्य सम्प्रदायों की एकता के लिए अपनी तरफ से भरपूर कोशिश की ।



BiharboardQuestionpaper.com